भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड RAILWAY BOARD)

सं. हिंदी-2014/प्र.-4/1 **नई दिल्ली; तिथि :25.09.2014**

महाप्रबंधक (राजभाषा)
सभी उत्पादन कारखाने.

विषय : रेल मंत्री राजभाषा शील्ड/ट्रॉफी पुरस्कार योजना के संबंध में.

संदर्भ : बोर्ड कार्यालय का दिनांक 05/03/87 का पत्र सं. हिंदी- 87/प्र.-7/2 .

रेल कार्यालयों में सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ओर से रेल मंत्री राजभाषा शील्ड/ट्रॉफी तथा चल वैजयंती पुरस्कार योजना लागू है. इस योजना के अंतर्गत 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्र के प्रधान कार्यालयों/मंडलों तथा उत्पादन कारखानों में हिंदी का सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए अलग-अलग शील्ड, ट्रॉफी तथा चल वैजयंतियां प्रदान की जाती हैं. इसके अलावा, 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित स्टेशनों/वर्कशॉपों में से चुने गए सर्वश्रेष्ठ आदर्श स्टेशन/वर्कशॉप तथा 'ग' क्षेत्र में स्थित स्टेशनों/वर्कशॉपों में से चुने गए सर्वश्रेष्ठ आदर्श स्टेशन/वर्कशॉप को शील्ड के साथ-साथ 7000-7000/-रू. का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है.

उपर्युक्त योजना के अंतर्गत बोर्ड ने अब यह विनिश्चय किया है कि 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित उत्पादन कारखानों में से सर्वश्रेष्ठ उत्पादन कारखाने तथा 'ग' क्षेत्र में स्थित उत्पादन कारखानों में से सर्वश्रेष्ठ उत्पादन कारखाने को भी शील्ड के साथ-साथ 7000-7000/-रू. का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जो मूल रूप से हिंदी में काम करने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा.

आपसे अनुरोध है कि इस योजना को रेलवे राजपत्र में प्रकाशित कर इसका व्यापक रूप से प्रचार किया जाए ताकि आपके कारखाने के हिंदी भाषी क्षेत्र तथा अहिंदी भाषी क्षेत्र के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इसकी जानकारी मिल सके और वे इस योजना का पूरा-पूरा लाभ उठा सकें.

इसे रेल मंत्रालय के वित्त निदेशालय की सहमति से जारी किया जा रहा है.

कृपया इस पत्र की पावती दें.

(रिसाल सिंह)
उप निदेशक, राजभाषा
रेलवे बोर्ड

.....2/

सं. हिंदी-2014/प्र.-4/1 नई दिल्ली; तिथि :24.09.2014

प्रतिलिपि :-

1. निदेशक, लेखा परीक्षा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली को प्रेषित.
2. भारत के उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (रेलवे), कमरा नं. 224, रेल भवन, नई दिल्ली को 40 अतिरिक्त प्रतियों सहित सूचनार्थ प्रेषित.

कृते वित्त आयुक्त, रेलें

सं. हिंदी-2014/प्र.4/1 नई दिल्ली, दिनांक24.09.2014

प्रतिलिपि: -

वेतन एवं लेखा अधिकारी, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित.

(रिसाल सिंह)
उप निदेशक, राजभाषा
रेलवे बोर्ड

प्रतिलिपि (3 अतिरिक्त प्रतियों सहित) बोर्ड कार्यालय की वित्त (स्थापना)-2 एवं रोकड़-3 शाखा को तथा अपेक्षित बजट व्यवस्था करने के लिए वित्त (बजट) शाखा को प्रेषित.